राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम-
मिनिरत्न कम्पनी)
बीज भवन, पूसा परिसर
नई दिल्ली -110 012
फैक्स- 011- 25846462
केन्द्रीय राज्य फार्म, जैतसर,जिला–
श्रीगंगानगर (राजस्थान)

NATIONAL SEEDS CORPORATION LIMITED
(A Government of India Undertaking)
(CIN : U74899DL1963GOI003913)
BEEJ BHAWAN, PUSA COMPLEX
NEW DELHI-110 012 (INDIA)
Website: www.indiaseeds.com
PHONES : 25842383, 25846272, 25842692, 25846295
e-mail – nsc@indiaseeds.com
CENTRAL STATE FARM, JETSAR
Distt. Sri Ganganagar (Raj)
PHONES: ( 01498-261202,261226 (Office) Tele – Fax :- 01498-261233

N0. : - CSF/JTS/Mech/12-3(A)/2020-21/ Dated: 25.08.2020

# निविदा सूचना

केंद्रीय राज्य फार्म, जैतसर में मासिक किराये पर दो SUV/बोलेरो लगाने हेतु इच्छुक पंजीकृत फार्म/एजेंसी/संसथान से दो बिड सिस्टम (तकनीकी एवं वित्तीय) के आधार पर मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो कि दिनांक **31**.08.2020 को अपराह्न् 2:00 बजे तक फार्म कार्यालय पर पहुँच जानी चाहिए | निविदाएं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अपराहन 3:00 बजे खोली जाएगी | निविदा हेतु नियम व शर्तें, धरोहर राशि, निविदा शुल्क, हमारे कार्यालय या हमारी वेबसाइट **www.indiaseeds.com** पर देखा जा सकता है | निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अभियांत्रिकी कार्यालय जैतसर फार्म से प्राप्त किया जा सकता है| इस सम्बन्ध में यदि कोई भूल सुधार ज्ञापन होगा तो केवल वेबसाइट पर ही डाला जायेगा|

उपमहाप्रबन्धक (फार्म)

**<u>केन्द्रीय राज्य फार्म जैतसर में किराये पर दो SUV/बोलेरो (जिसका कमर्शियल पंजीकरण/ टैक्सी नंबर हो) उपलब्ध कराने हेतु आमंत्रित खुली निविदा के नियम व शर्तें</u>**

1. निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में अभियांत्रिकी कार्यालय जैतसर फार्म से अथवा निगम की वेबसाइट www.indiaseeds.com से डाउन लोड कर **(Rs. 200/- + 18% GST = Rs. 236/-)**, Demand Draft/RTGS/NEFT/UPI के माध्यम से फ़ार्म के खाते ( A/C: 33963396672, IFSC: SBIN0008251) में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है |
2. निविदादाता को खुली निविदा में भाग लेने से पहले **NATIONAL SEEDS CORPORATION LIMITED, JETSAR** के खाते में Demand Draft/RTGS/NEFT/UPI के माध्यम से धरोहर राशि के रूप में 20,000.00 रुपये (बीस हजार रुपए मात्र) जमा करना होगा । MSME फर्म के लिए धरोहर राशि माफ है किन्तु यदि कोई MSME फर्म का टेंडर सफल होता है तो टेंड़र फाइनल होने के 2 दिवस के अंदर Rs.20000/- सिक्यूरिटी डिपोजिट (S.D.) के रूप में जैतसर फ़ार्म के खाते में जमा करवाने होंगे | धरोहर राशि और निविदा शुल्क के बिना, निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा के नियम एवं शर्तें की स्वीकृति के लिए निविदादाता को निविदा दस्तावेजों के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता है।
3. सभी निविदादाता अपनी निविदा (दो सीलबन्द लिफाफों में जिसमे एक में तकनिकी निविदा व दुसरे में वितीय निविदा हो) दिनांक 31.08.2020 को दोपहर 2:00 बजे तक केन्द्रीय राज्य फार्म, जैतसर के निविदा बॉक्स में डालनी होगी। तय समय व तिथि उपरांत कोई निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। वित्तीय निविदा में दिए गए दर GST व् अन्य करों सहित होना आवश्यक है, इस बाबत बाद में कोई भी परिवर्तन स्वीकार्य नहीं होगा| निविदादाता के फर्म का GST पंजीकरण होना अनिवार्य है ।
4. प्राप्त सभी निविदाओं या उनमे से किसी एक निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार निदेशक केंद्रीय राज्य फार्म, जैतसर के पास सुरक्षित रहेगा |
5. दिनांक 31.08.2020 को दोपहर 03:00 बजे तकनीकी निविदा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी | सक्षम आधिकारी की अनुमति के उपरांत तकनीकी निविदा में योग्य पाई गयी निविदाओं की वित्तीय निविदा निर्धारित समय पर खोली जाएगी । सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी ।
6. तकनिकी निविदा में सफल व वित्तीय निविदा में न्यूनतम दर देने वाले निविदादाता को सफल निविदादाता माना जायेगा | सफल निविदादाता की धरोहर राशी रख ली जाएगी जिसे अनुबंध अवधि की समाप्ति पर बिना ब्याज वापस किया जायेगा | सफल निविदादाता को कार्य आदेश जारी होने के उपरांत असफल निविदादाताओं की धरोहर राशी को सम्बंधित निविदादाता के बैंक खातें में 15 कार्य दिवसों के अन्दर वापस किया जायेगा जिसके लिए सभी असफल निविदादाताओं को अपने बैंक खाते का विवरण जमा करना होगा।
7. सफल निविदादाता के साथ वांछित वाहन प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, केन्द्रीय राज्य फार्म, जैतसर एक वर्षीय अनुबंध हस्ताक्षरित करेगा | संतोषपूर्ण सेवाओं के आधार पर

उक्त अनुबंध की समीक्षा उपरांत अगले एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है | राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, केन्द्रीय राज्य फार्म, जैतसर, अनुबंध आवधि के दौरान वाहन प्रदाता को 10 दिनों का आग्रिम नोटिस देकर अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है |

8. वाहन का पंजीकरण व्यावसायिक ( TA. नंबर) होना अनिवार्य है, वर्ष 2019 से पुराना गाड़ी का मॉडल स्वीकार्य नहीं होगा | वाहन प्रदाता को अपने वाहन पर लगने वाले समस्त खर्चे (जिसमे चालक का वेतन, इंधन, रख, रखाव, पुर्जे, बीमा, प्रदूषण, टोल टैक्स देय सभी कर व यातायात विभाग की मंज़ूरी इत्यादी शामिल है) का पूर्णरूप से निर्वहन करना होगा | केन्द्रीय राज्य फार्म, जैतसर द्वारा इस बाबत कोई खर्च नही उठाया जायेगा |
9. वाहन चालक के पास वैध चालक का लाइसेंस व् न्यूनतम 5 वर्षों का ड्राइविंग अनुभव आवश्यक है| यदि चालक ड्यूटी से अनुपस्थित होता है या वाहन प्रदाता किसी दिन गाड़ी उपलब्ध नहीं करवा पाता है तो प्रति दिन रूपये 1500/- की कटौती उस माह के बिल में से की जाएगी | वाहन चालक को अल्कोहल / अन्य किसी भी प्रकार की नशीली दवाओं के उपभोग की आदत नहीं होनी चाहिए, अनुशासन व् आचरण सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होने पर वाहन प्रदाता को 3 कार्यदिवसों के अन्दर दूसरा वाहन चालक प्रदान करना होगा |
10. वाहन चालक को प्रतिदिन वाहन के उपयोग का समस्त रिकॉर्ड ( जिसमे प्रारंभिक व अंतिम मीटर रीडिंग, किलोमीटर उपयोग, मार्ग विवरण, उपयोगकर्ता का नाम, हस्ताक्षर इत्यादि एक लॉग बुक में दर्ज करना होगा व फार्म के सम्बंधित आधिकारी के हस्ताक्षर करवाने होंगे | लॉग बुक सभी मायनो में सही व पूर्ण रूप से भरी होनी चाहिए ताकि मासिक बिलों का सत्यापन व भुगतान हेतु प्रस्तुतीकरण किया जा सके |
11. अनुबंधित वाहन को प्रतिदिन प्रातः 08:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक फार्म प्रक्षेत्र या फ़ार्म से बाहर किसी भी प्रकार के कच्चे व पक्के मार्गों पर इस्तेमाल किया जायेगा । आवश्यकता पड़ने पर सम्बंधित कार्यालय द्वारा समय में बदलाव किया जा सकता है | ड्यूटी पर विलम्ब से आना प्रतिबंधित है। केंद्रीय राज्य फार्म जैतसर वाहनचालक के विलम्ब से आने पर 150/- रुपये प्रति घंटे की दर से मासिक बिल में से कटौती करने के लिए अधिकृत है । (प्रातः 8:00 बजे के उपरान्त, 15 मिनट की देरी होने पर भी पूरे एक घंटे की कटौती की जाएगी ।)
12. यदि वाहन प्रति माह 2000 किलोमीटर से अधिक चलाया जाता है तो इसका अतिरिक्त भुगतान पूर्व निर्धारित दर (जो की रुपये प्रति किलोमीटर में होगी) पर फार्म द्वारा किया जायेगा |
13. ड्यूटी के दौरान फार्म क्षेत्र के बहार रुकने पर रात्रि विश्राम हेतु वाहन चालक को 200/- रुपये प्रति रात्रि की दर से भुगतान किया जायेगा | केन्द्रीय राज्य फार्म जैतसर पर वाहन पार्किंग सुविधा उपलब्ध है | वाहन प्रदाता फार्म की अनुमति पर लॉग-बुक में रीडिंग अंकित कर वाहन को डीजल भरवाने या अन्य मरम्मत/ RTO इत्यादि के कार्य करवाने हेतु फ़ार्म से बाहर अपनी लागत और जोखिम पर अपने निजी स्थान पर ले जा सकता है जिसमे चलने वाले किलोमीटर का भुगतान फ़ार्म द्वारा नहीं किया जाएगा ।
14. अनुबंध अवधि के दौरान अनुबंधित वाहन से हुई किसी भी दुर्घटना या किसी भौतिक या वित्तीय क्षति, यातायात नियमो के उलंघन या वाहन को हुए नुकसान, किसी अन्य पक्ष द्वारा लगाया गया हर्जाना या दावा, मुकदमा, शासकीय व अशासकीय दंड का भुगतान इत्यादि के मामले में

वाहन प्रदाता की पूर्ण जिम्मेदारी होगी | इस बाबत राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, केन्द्रीय राज्य फार्म जैतसर द्वारा, होने वाले किसी मुक़दमे, हर्जाना, दावा किसी भौतिक या वित्तीय क्षति के लिए दायित्व निर्वहन या भुगतान नही किया जायेगा |

15. वाहन प्रदाता को भुगतान, स्वीकृत दरों पर निर्धारित प्रारूप में मासिक बिल एवं लॉग बुक कार्यालय में जमा करने पर प्रत्येक कैलेंडर माह के अंत में दो सप्ताह के भीतर मासिक आधार पर किया जायेगा | केन्द्रीय राज्य फार्म जैतसर के द्वारा, प्रदान की गयी सेवा के बदले किसी भी तरह का अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जायेगा | सरकारी नियमों के अनुसार अनिवार्य करों की कटौती बिल में से की जायेगी|
16. निविदा से संबंधित उत्पन्न किसी भी विवाद की स्थिति में दोनों पक्ष आपसी सहमति द्वारा विवादों को तत्काल , न्यायसंगत और भरोसेमंद तरीके से हल करने हेतु स्वतंत्र हैं । यदि निविदादाता ऐसा करने में असमर्थ हैं, तो अंततः इस तरह के विवाद मध्यस्थता द्वारा हल किया जाएगा। मध्यस्थता हिंदी/अंग्रेजी भाषा में आयोजित की जाएगी और मध्यस्थता का स्थान नई दिल्ली में होगा। सीएमडी, राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड द्वारा एकमात्र मध्यस्थ नियुक्त किया जाएगा जिसका इस संबंध में निर्णय सभी पक्षों को अंतिम और बाध्यकारी होगा । किसी भी तरह के न्यायिक विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र विजयनगर/रायसिंहनगर होगा |

सहायक प्रबंधक (अभियांत्रिकी)

हमने निविदा के नियमों और शर्तों को पढकर व सुनकर समझ लिया है और सभी नियम व शर्तों की स्वीकृति के टोकन के तहत प्रत्येक पृष्ठ पर नीचे अपने हस्ताक्षर किए हैं व निम्नलिखित जानकारी को भरा है ।

| क्र.सं. | पार्टी का नाम | पता | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

# तकनीकी निविदा प्रपत्र

सेवा में,

निदेशक,

केंद्रीय राज्य फार्म जैतसर

विषय : केन्द्रीय राज्य फार्म जैतसर में किराये पर दो SUV/बोलेरो लगाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक 31.08.2020 के सन्दर्भ में ।

महोदय,

केन्द्रीय राज्य फार्म जैतसर में किराये पर SUV/जीप उपलब्ध करवाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक 31.08.2020 के तहत हम अपने वाहन प्रदान करने के इच्छुक हैं। उपरोक्त निविदा के लिए हम, अपने फर्म व वाहन से संबधित निम्नलिखित दस्तावेजों की हस्ताक्षरित प्रतिलिपि संलग्न कर तुलना हेतु प्रेषित करते हैं|

| सं. | विवरण | संलग्न (हां / नहीं) |
|---|---|---|
| 1. | फर्म पंजीकरण प्रमाणपत्र | |
| 2. | फर्म के जीएसटी पंजीकरण की प्रतिलिपि | |
| 3. | पैन कार्ड की प्रतिलिपि | |
| 4. | बैंक विवरण हेतु रद्द किया गया बैंक चेक। | |
| 5. | वाहन का बीमा प्रमाणपत्र | |
| 6. | वाहन का LMV कमर्शियल पंजीकरण प्रमाण पत्र | |
| 7. | किसी संस्था मे किराये पर जीप/बोलेरो लगाने का कार्य अनुभव प्रमाणपत्र / कार्यादेश | |
| 8. | गैर काली सूचीबद्ध का शपथ पत्र | |
| 9. | वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र | |
| 10. | निविदादाता का, अपने फर्म हेतु अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता होने का प्रमाणपत्र | |
| 11. | धरोहर राशि के लिए NATIONAL SEEDS CORPORATION LIMITED, जैतसर के पक्ष में रुपये 20000/- का डिमांड ड्राफ्ट/अन्य प्रकार के बैंक लेन-देन (TRANSACTION) की कॉपी | |
| 12. | निविदा के सभी नियमों व शर्तों की स्वीकृति में हस्ताक्षरित पत्र | |

हस्ताक्षर

निविदादाता फर्म का नाम --------------------

पूरा पता -----------------------------

-----------------------------------------

मोबाइल नंबर------------------------

ईमेल आईडी-------------------------

# वितीय निविदा

सेवा में,

निदेशक,

केंद्रीय राज्य फार्म जैतसर

विषय : केन्द्रीय राज्य फार्म जैतसर में किराये पर दो SUV/बोलेरो लगाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक 31.08.2020 के सन्दर्भ में |

महोदय,

केन्द्रीय राज्य फार्म जैतसर में किराये पर दो SUV/बोलेरो उपलब्ध करवाने हेतु आमंत्रित निविदा दिनांक 31.08.2020 के तहत हम अपने वाहन प्रदान करने को इच्छुक हैं | इस आशय से निविदा के लिए हम अपने निम्नांकित दरों (जो की GST व अन्य सभी करों सहित है) को प्रेषित कर रहे हैं |

| क्र.सं. | मानदंड | दर (रु.) |
|---|---|---|
| 1 | 2000 किलोमीटर तक<br>(निर्धारित किलोमीटर/प्रति माह ) | .......................रुपया प्रति माह |
| 2 | 2000 किलोमीटर से उपर | .......................रुपया प्रति किलोमीटर |

हस्ताक्षर

निविदादाता फर्म का नाम --------------------

पूरा पता ----------------------------

-----------------------------------------

मोबाइल नंबर-----------------------

ईमेल आईडी-------------------------